## खबर संक्षेप

### 6वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए परिणाम घोषित

**छिन्दवाड़ा।** जवाहर नवोदय विद्यालय सिंगोडी की प्राचार्या श्रीमती व्ही.एस.जोशी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिये 20 जनवरी 2024 को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024-25 और कक्षा 9वीं की लेट्रल इन्ट्री टेस्ट परीक्षा 10 फरवरी 2024 को आयोजित की गई थी, जिसका परीक्षा परिणाम एक अप्रैल 2024 को सीबीएसई के द्वारा घोषित कर दिया गया है। उन्होंने सभी पालकों से अनुरोध किया है कि वे परीक्षा परिणाम नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट https://navodaya.gov.in पर जाकर देख सकते है और चयनित विद्यार्थियों की सूची जवाहर नवोदय विद्यालय सिंगोडी में भी आकर देख सकते हैं।

### मोहनसुधा गौ-शाला का किया गया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** उप संचालक पशुपालन विभाग डॉ.एच.जी.एस. पक्षवार द्वारा गत दिवस जिले के विकासखण्ड परासिया की ग्राम पंचायत मोठार के ग्राम ढबेरा की मोहनसुधा गौ-शाला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। गौ-शाला में 76 गौ-वंश पाये गये। गौ-शाला में 10 ट्राली गेहूं भूसा व 12 ट्राली गोबर खाद और पानी की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था पाई गई। निरीक्षण के दौरान पीने के पानी के टांकों की सफाई कराने के निर्देश गौ-शाला के संचालक को दिये गये। गौ-शाला के संचालक को गोबर के प्रोडक्ट व गोनाईल बनाने की सलाह भी दी गई जिससे गौ-शाला को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

### शत प्रतिशत मतदान करने किया जागरूक

**छिंदवाड़ा।** चुनाव का पर्व देश का गर्व , जन अभियान परिषद् छिन्दवाड़ा द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगवार को को सेक्टर ग्राम बोहाना के जमुनिया, झिरी , राजाखोह ,भुला मोहगाव नागझीर सहित आसपास के अन्य ग्रामों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

### इस मामले में कांग्रेस, भाजपा नेताओं की जुगलबंदी चुनाव काल में भी मिली देखने

# आचार संहिता में अधिकारियों के मौखिक निर्देश से रेत चोरी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया तहसील के देलाखारी क्षेत्र में,वहने वाली नदियों से, प्रशासन के भरोसे रेत का अवैध धंधा लगातार चल रहा है । जिसका लगातार समाचार हरिभूमि प्रकाशित करता चला रहा है। रेत चोरी इन नदियों से आए दिन रात में रेत निकाल कर वेखोफ ट्रकों में भरकर रेत का परिवहन करते चले आ रहे हैं। अब इनका विस्तार कोयला अचल तक फैल गया है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। की पिछले दिनों न्यूटन पुलिस ने रेत का ट्रैक्टर पकड़ा था।

चालक ने कबूल भी किया था । कि मैंने देलाखारी से रेत लाया हूं। लेकिन रेत पकड़ने वाले अधिकारियों को अब लगने लगा कि आचार संहिता में अधिकारियों का आना क्षेत्र में शुरू है । तो उन्होंने इन रेत चोरों को, आचार संहिता का हवाला देते हुए रेत चोरी नहीं करने के मौखिक निर्देश दे दिए हैं। जिससे पिछले दो दिनों से रेत की चोरी पूर्णता बंद पड़ी हुई है। वही रेत चोर जो राजनीतिक रसूख भाजपा और कांग्रेस में रखते हैं । जो रेत चोरी के धंधे में सिर्फ राजनीतिक लाभ लेने के लिए ,दल से जुड़े हुए हैं । वहीं अधिकारियों को अपने रेत के धंधे को पुनः शुरू कराने के लिए जो नेताओं से जुगाड़ लगवाते फिर रहे हैं। लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट मना कर दिया। कि आचार संहिता में यदि रेत चोरी करते कोई वाहन यदि पकड़ा गया । तो उसके खिलाफ रेत चोरी के प्रकरण के साथ-साथ आचार संहिता मैं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत करवाई भी किए जाने की चर्चा है। जबकि शासन स्तर से रेत पकड़ने के लिए संयुक्त टीम गठित की गई थी। लेकिन वह शासन के हित में कार्य करने के बजाय रेत चोरों के हित में चंद रूपयौ के लिए खड़े नजर आए। और रेत चोरी का सिलसिला शासन के आदेशों निर्देशौ के बावजूद वा बदस्तूर चलता चला आ रहा हैं । लेकिन आचार संहिता में अधिकारियों की तामिया में आवाजाही के नतीजन स्थानीय अधिकारियों को अंतत रेत चोरों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्होंने उनके प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए समझाई दिये ल। जबकि यदि अधिकारी यदि चाहते तो रेत चोरों पर कार्रवाई करते तो उचित होता। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। वहरहाल जो भी हो वर्तमान में अवैध रेत उत्खनन बंद है । और कार्रवाई के भय से रेत चोर भयभीत भी है। अब देखना यह है । कि प्रशासन का यह मौखिक आदेश आचार संहिता काल देख पाएगा। या चंद दिनों में रेत चोरी पुनः चालू हो जाएगी। यह तो आचार संहिता काल एवं उसके बाद ही पता चल पायेएगा। की रेत चोरों पर प्रशासन का कितना असर है । और वह अधिकारियों की बातों को कितनी तबज्जो देते हैं। यह तो आने वाले समय में ही पता चल पाएगा।

### बैतूल के गंज इलाके में बीती रात हुई घटना

# पेट्रोल डालकर प्रेमिका को जिंदा जलाने वाला छिंदवाड़ा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

बुधवार को बैतूल के गंज इलाके में बीती रात प्रेमिका पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को छिंदवाड़ा जिले के डुंगरिया से पकड़ा गया है। पुलिस टीम उसे बैतूल लेकर आ रही है।



मिली जानकारी के अनुसार बैतूल गंज टी. आई रविकांत डहरिया ने बताया की बीती रात 22 वर्षीय युवती पर उसी के प्रेमी आर्यन मालवी ने जान से मारने कि नीयत से उस पर पेट्रोल डालकर उसे जला दिया था। इस मामले में थाना गंज में अपराध संख्या 151/24 धारा 452,307 IPC 3(2) वीए एससी/एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना मे लिया था। पीड़िता को इलाज के लिए गांधी मेडिकल कालेज भोपाल रेफर किया गया था।

आरोपी घटना कारित करने के बाद से फरार हो गया था। जिसकी जिले और आसपास के थाना क्षेत्रों में तलाश की जा रही थी। परंतु उसके न मिलने से उसके जिले से बाहर होने की संभावना के चलते अलग अलग टीम दूसरे जिलों में रवाना की गई थी। जिसके बाद आरोपी आर्यन मालवी पिता संजय मालवी (25) नि.अर्जुन नगर गंज को घेराबंदी कर तहसील जुन्नारदेव जिला छिंदवाडा के डुंगरिया से गिरफतार किया गया है।

पुलिस टीम उसे लेकर देर रात तक बैतूल पहुंचेगी। इस कार्रवाई में टी. आई नरविकान्त डेहरिया, एसआई अजय रघुवंशी, एएसआई सुरेश शाक्य, किशोरीलाल सल्लाम, हेड कांस्टेबल संदीप, मयूर, कांस्टेबल दुर्गेश, अनिरूध्द नवीन रघुवंशी, नरेन्द्र, राजेंद्र की विशेष भूमिका रही है।

## भाजपा सरकार ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए किए काम: शालिनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू की धर्मपत्नी श्रीमती शालिनी साहू ने अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर्रई एवं बटकाखापा मंडल में जनसंपर्क किया। इस दौरान श्रीमती साहू द्वारा स्थानीय महिलाओं से केन्द्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं और उनसे होने वाले लाभों के संबंध में चर्चा की गई । उन्होंने कहां कि भाजपा महिलाओं के सम्मान और महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम करती है। भाजपा सरकार ने ही महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उज्जवला गैस प्रदान कर धुएं से मुक्ति दिलाई। घर-घर शौचालय बनवाकर महिलाओं की लाज की रक्षा की है। भाजपा की प्रदेश सरकार ने लाडली लक्ष्मी और लाडली बहना योजना लागू कर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अविस्मरणीय काम किया है। श्रीमती साहू ने कहा कि इतनी सहरदयी योजनाएं केवल भाजपा सरकार ही ला सकती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं की सरकार है।

## चना, मसूर एवं राई सरसों के उपार्जन का कार्य प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा व पांढुर्णा जिले में रबी वर्ष 2023-24 एवं विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत चना, मसूर व राई सरसों के पंजीकृत कृषकों से पूर्व वर्ष की भांति उपार्जन के लिये 16 उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण जिला उपार्जन समिति द्वारा किया गया है। कृषि विभाग से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में चना, मसूर एवं राई सरसों उपार्जन नीति वर्ष 2023-24 के अनुसार कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में चना, मसूर एवं राई सरसों का समर्थन मूल्य क्रमशः 5440 रूपये प्रति क्विंटल, 6425 रूपये प्रति क्विंटल और 5650 रूपये प्रति क्विंटल पर उपार्जन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जो आगामी 31 मई 2024 तक चलेगा । जिले के किसान निर्धारित उपार्जन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं राई सरसों का विक्रय कर सकते हैं ।उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तहसील पांढुर्णा में एमपीडब्ल्यूएलसी पांढुर्णा, मोहखेड़ में रूचि वेयरहाउस 23 लिंगा मोहखेड़, सौंसर में माँ वेयर हाउस साईखेड़ा, जुन्नारदेव में नरेन्द्र उइके वेयरहाउस जुन्नारदेव, तामिया में श्री हरी वेयरहाउस झिरपा, हर्रई में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बसुरिया हर्रई, अमरवाड़ा में लक्ष्मी वेयर हाउस अमरवाडा, वेंकटेश वेयरहाउस अमरवाडा व श्री वेयरहाउस अमरवाडा, चौरई में पटेल वेयरहाउस पलटवारा चौरई, भारद्वाज वेयरहाउस लिखड़ी कुंडा, दादा साई वेयरहाउस खुटिया व ठाकुर वेयरहाउस चौरई, छिन्दवाडा में एमपीडब्ल्यूएलसी-3 छिंदवाडा, बिछुआ में रूचि वेयरहाउस 23 लिंगा मोहखेड़ और उमरेठ व परासिया में सेवा सहकारी समिति मर्यादित रिधोरामेट सोनापिपरी तहसील परासिया में चना, मसूर एवं राई सरसों का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जा रहा है।



### मतदाता जागरूकता वाहन रैली

छिंदवाड़ा। बुधवार को स्वीप गतिविधी अंतर्गत पुलिस ग्राउण्ड छिन्दवाड़ा से विकासखण्ड के समस्त कर्मचारियों एवं शिक्षकों तथा स्वीप एम्बेसेटर की मतदाता जागरूकता वाहन रैली समय 04:30 बजे आयोजित की गई।

### नागरिकों के लिये भारत निर्वाचन आयोग का सी-विजिल मोबाईल एप

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल नामक एक सरल लेकिन प्रभावी मोबाईल एप डिजाइन और विकसित की है। यह मोबाईल एप्लीकेशन निर्वाचन के दौरान जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा करके नागरिकों के साथ विश्वास आधारित साझेदारी को सुगम बनाता है । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सी-विजिल मोबाईल एप निर्वाचनों के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने जैसे रिश्वतखोरी, मुफ्त उपहार, शराब वितरण, अनुमत्य समय के बाद लाउडस्पीकर बजाने वालों के खिलाफ नागरिकों को रिपोर्ट करने के लिए सशक्त बनाता है। इस मोबाइल एप का उपयोग करके नागरिक लाइव फोटो या वीडियो कैप्चर तैयार करते हैं। निर्वाचन तंत्र उल्लंघन का साक्षयिक सबूत मिलते ही तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार हो जाता है। हर सी-विजिल मामले पर कार्रवाई की जाती है और 100 मिनट की समयावधि के दौरान की गई कार्रवाई के साथ वापिस जवाब भेजा जाता है। कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने जिले के नागरिकों से मोबाईल के प्ले स्टोर में जाकर सी-विजिल मोबाईल एप डाउनलोड करने की अपील की है।

## 9 वाहनों से लिया गया 25730 रूपये का जुर्माना

**छिन्दवाड़ा।** परिवहन आयुक्त ग्वालियर और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा द्वारा सभी छोटे-बड़े घरेलू उपयोग के वाहन स्वामियों व सभी व्यावसायिक वाहन संचालकों को हूटर, सायरन, बैनर, स्लोगन, पदनाम नेम



प्लेट को तत्काल हटाने संबंधी विशेष निर्देश दिये गये है। इस संबंध में परिवहन विभाग छिंदवाड़ा के विशेष जांच दल द्वारा कार्यवाही की जा रही है और सभी व्यावसायिक वाहन स्वामियों व वाहन चालकों को निर्देशित किया गया है कि यदि वाहनों में किसी भी राजनैतिक दल से संबंधित किसी भी प्रकार के स्लोगन, फोटो, बैनर इत्यादि लगाये गये हों तो उसे तत्काल हटा दें। कई वाहनों में नम्बर प्लेट के साथ ही विभिन्न दलों के पदनाम की भी नेमप्लेट लगी होना पाया जाता है और कई वाहनों के ऊपर बिना अनुमति के सर्च लाइट व हूटर सायरन का उपयोग किया जाता है, ऐसे वाहन संचालकों एवं चालकों को विशेष निर्देश दिये गये है कि वे अपने वाहनों से पदनाम नेमप्लेट, हूटर, स्लोगन, फोटो, बैनर व सायरन तुरंत निकाल कर अलग करें। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के दिन वाहनों के दुरूपयोग पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से विशेष जांच दल द्वारा सभी बस, 407, 408 वाहन, जीप आदि के वाहन मालिकों को सख्त हिदायत दी गई कि निर्वाचन के दौरान और मतदान के दिन अपने वाहनों का उपयोग अवैध हथियार और गोला बारूद, शराब की तस्करी करके अशांति न फैलायें। बिना जान-पहचान के व्यक्ति को वाहन किराये पर नहीं दें ।

## तामिया में कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विधायक सुनील उइके ने बुधवार तामिया क्षेत्र के लहगडुआ काजरा मानकादेही साजकुही धुर्वाढाना ,हिर्री और तामिया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की । कार्यकर्ताओ को उन्होंने जानकारी दी कि लहगडुआ में 5 अप्रैल को कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी नकुलनाथ का आगमन होने जा रहा है । जहाँ वे ग्रामीणों की संवाद कर आशीर्वाद और समर्थन मांगेंगे । उन्होंने नकुलनाथ की सभा की तैयारियों को लेकर कार्यकर्त्ताओ को दिशा निर्देश भी दिए ।बैठक में सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ कांग्रेस जनों को एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करत हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारे नेता नकुलनाथ कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी है । क्षेत्र के विकास में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई है । ऐसे में नकुल नाथ सांसद बनाने के लिए एवं कमलनाथ जी के हाथों को मजबूत करने के लिए कार्यकर्त्ताओ में धीरज और संयम दोनो की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से सभा की सफलता के लिए घर घर जनसम्पर्क करने की बात भी कही । इसी कडी में विधायक ने तामिया में चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटनबैठक में विधायक सुनील उइके के साथ पर्यवेक्षक जमील खान, ब्लाक अध्यक्ष मनमोहन साहू आदि मौजूद रहे।

# 300 क्विंटल गेहूं जलकर हुआ राख

### नवेगांव की ग्राम पंचायत सिरगोरीखुर्द में शार्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



शिवपुरी थाना अंतर्गत ग्राम नवेगांव ग्राम पंचायत सिरगोरी खुर्द में बुधवार को दोपहर 12 बजे बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण चार किसानों के खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है । जिससे 10 एकड़ में लगी गेहूं कि फसल से 300 क्विंटल गेहूं जलने की खबर है । ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम नवेगांव में 63 केवि का ट्रांसफार्मर के पास विद्युत लाइन में शार्ट सर्किट होने के कारण चिंगारी,निकली और गेहूं की खड़ी सुखी फसल में आग लग गई , देखते ही देखते गेहूं के खेत में तेजी से आग फैल गई । ग्रामीणों ने तुरंत फायर ब्रिगेड,को बुलाया और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया, आग इतनी विकराल थी ,जिसमें ग्राम के कल्लू यदुवंशी कि तीन एकड़, ,सेवाराम यदुवंशी 2 एकड़, कमला पति बाबूलाल धुर्वे, सुनील कहार 3 एकड़ ,श्याम सुंदर राज 2 एकड़ भूमि में लगी गेहूं की फसल में आग लगने के कारण फसल जलकर राख हो गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि उक्त तीनों किसनो के खेत में लगभग 300 क्विंटल गेहूं जलकर राख हो गया है । विद्युत मंडल की लापरवाही के कारण उक्त घटना हुई है । जानकारी मिलते ही विद्युत मंडल शाखा , न्यूटन चिखली के कर्मचारी मौके में पहुंचकर निरीक्षण किया है। सिरगोरी खुर्द की सरपंच चित्रा डेहरिया ने, आग की घटना को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है , कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण शार्ट सर्किट होने के कारण आग लगने से चार किसानो कि गेहूं की फसले जलकर राख हो गई है, विद्युत विभाग शीघ्र ही किसानो के खेतों में जाकर नुकसान का निरीक्षण करें और किसानो को राहत स्वरूप मुआवजा राशि प्रदान की जाए। सरपंच ने यह भी कहा कि भविष्य में विद्युत मंडल अपनी कार्य प्रणाली मे सुधार करें ताकि अनहोनी घटना रोकी जा सके। पूर्व सरपंच सुरेश राय ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण आज किसान की फसले जलकर,राख हो गई है विभाग शीघ्र ही इन किसानों को मुआवजा राशि का प्रकरण तैयार कर राहत प्रदान कि जाए ।

# अधिक से अधिक मतदान करवाने का दिलाया संकल्प

### भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे छिंदवाड़ा, समाज के प्रतिनिधियों से मिल की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव छिंदवाड़ा पहुंचे, जहां श्री जाटव ने एससी वर्ग के समाजों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर चर्चा की। डॉ. जाटव ने छिंदवाड़ा के रविदास समाज, बाल्मिकी समाज, वंशकार समाज, खटिक समाज, डेहरिया समाज, कतिया समाज एवं मतंग समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर चर्चा की। श्री जाटव रविदास मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने रविदास समाज के सदस्य राजकुमार अहिरवार, विक्रम अहिरवार, मनोज चौरे, राजकुमार गोनेकर सहित समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। जिसके बाद श्री जाटव वाल्मीकि गुरुद्वारा पहुंचे जहां जगदीश गोदरे, अमन गोदरे, नीरज राठौर सहित समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यवाहक जिलाध्यक्ष लोकेश डेहरिया ने बताया कि वाल्मीकि गुरुद्वारा से डॉ. जाटव जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने वंशकार समाज से धर्मेन्द्र वंशकार, मिथुन वंशकार सहित समाज के प्रतिनिधियों, खटिक समाज से आनंद दुर्गे सहित समाज के प्रतिनिधियों, डेहरिया समाज के डी.पी. डेहरिया, पी.आर. डेहरिया, अर्जुनसिंह डेहरिया, बलराम डेहरिया सहित समाज के प्रतिनिधियों एवं कतिया समाज से मोहन बेलवंशी, सोहन बेलवंशी, एवं मतंग समाज के सामाजिक प्रतिनिधि से मुलाकात कर चर्चा की। सामाजिक प्रतिनिधियों से मुलाकात के उपरांत डॉ. जाटव जी ने भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों एवं मंडल के पदाधिकारियों की बैठक ली।

### लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत अभ्यर्थी दैनिक व्यय लेखा रजिस्टर का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार-संग्रह जनवरी 2024 में दिये गये निर्देशों के अनुसार एवं व्यय प्रेक्षक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16-छिन्दवाड़ा द्वारा निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों की बैठक 31 मार्च 2024 में दिये गये निर्देशों के अनुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थियों या उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता द्वारा चुनाव प्रचार के लिये किये गये व्ययों का दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर, नाम निर्देशन दिनांक से परिणाम घोषणा दिनांक तक दोनों तिथियों को सम्मिलित करते हुये विधिवत व्यय लेखा रखना होगा एवं निर्वाचन अवधि में तीन बार व्यय प्रेक्षक या आयोग द्वारा इस प्रयोजनार्थ नामित किसी प्राधिकारी को निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराना होगा। इस परप्रेक्ष्य में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16-छिंदवाड़ा के रिटर्निंग ऑफिसर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16-छिंदवाड़ा के लोकसभा निर्वाचन 2024 के सभी अभ्यर्थियों के लिये व्यय प्रेक्षक के परामर्श से निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान व्यय लेखा निरीक्षण के लिये प्रथम तिथि 5 अप्रैल, व्दितीय तिथि 11 अप्रैल व तृतीय तिथि 16 अप्रैल 2024 को प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है ।

### विनीत पुरूषोत्तम साहू ने जनता को किया संबोधित

# पूर्व सीएम कमलनाथ के रोहना पहुंचने पर दी प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



पिछले दिनों छिंदवाड़ा के पूर्व विधायक दीपक सक्सेना के पुत्र अजय सक्सेना के बीजेपी में जाने से नाराज वर्तमान विधायक कमलनाथ ने एक वीडियो संदेश में कहा था कि जिसको जहां जाना है जाए लगे तो में अपनी गाड़ी से उन्हें विदा करूंगा लेकिन किसी की खुशामद नही करूंगा किसी को मनाने नही जाऊंगा किंतु कमलनाथ अपनी ही कही बातों से अब मुकर गए है कल शाम अचानक कमलनाथ और 5 अन्य विधायकों के साथ रोहाना पहुंचकर पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना से मिले और उन्हें मनाने का प्रयास किया बंद कमरे में क्या बात हुई ये कोई नही जानता किंतु रोज टूटती बिखरती जिला कांग्रेस को मनाने आखिर कमलनाथ को मैदान में आना ही पड़ा अब इसे पुत्र मोह कहे या मजबूरी कांग्रेस के बिखरते कुनबे को समेटने की एक अंतिम कोशिश कांग्रेस नेता कमलनाथ द्वारा की जा रही है। सूत्र बताते है कि कमलनाथ ने दीपक से कहा कि तुम पुत्र मोह में कब तक धृतराष्ट्र बने रहोगे या सुदामा बनकर काम करोगे अब इस सबमें कितनी सच्चाई है ये तो कहना मुश्किल है। किंतु विपक्ष नेताओं को इसमें बोलने एक मौका हाथ लग गया है वार्ड नं. 29 के युवा भाजपा नेता विनीत पुरुषोत्तम साहू ने एक कार्यकर्ता मीटिंग में कमलनाथ पर चुटकी लेते हुए कहा सुना है कमलनाथ ने दीपक सक्सेना को धृतराष्ट्र कहा जबकि कमलनाथ स्वयं इस समय धृतराष्ट्र बने हुए है वे अपने अयोग्य पुत्र को छिंदवाड़ा पर थोपना चाहते है वे स्वयं जानते है की विवेक बंटी साहू कितने योग्य और मजबूत नेता है वहीं विनीत पुरुषोत्तम साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा छिंदवाड़ा के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए विवेक बंटी साहू जरूरी है।

### 6 अप्रैल को आएंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

**छिंदवाड़ा।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 6 अप्रैल को छिंदवाड़ा आएंगे। वे दोपहर 12 बजे दशहरा मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। नड्डा पहली बार छिंदवाड़ा आ रहे है। उनके आगमन की खबर से जिला भाजपा में जबरदस्त उत्साह है। पार्टी ने दशहरा मैदान में जनसभा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। जेपी नड्डा दूसरे राष्ट्रीय अध्यक्ष है जो छिंदवाड़ा की धरती पर आ रहे है। इसके पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अमित शाह भी छिंदवाड़ा आ चुके है। भाजपा तैयारियों में जुटी हुई है। सूत्रों से खबर है कि दीपक सक्सेना इस दिन भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं। परंतु चर्चाओं का दौर चल रहा है क्योंकि सारी बातें बेहद ही गोपनीय तरीके से की जा रही है।

### जन अभियान परिषद गांव गांव में हस्ताक्षर अभियान, रांगोली प्रतियोगिता सहित दीवाल लेखन कर कर रहा मतदाताओं को जागरूक

# लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने अपने मताधिकार का जरूर करें प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जनअभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता महा अभियान में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह के निर्देशन में एवं स्वीप प्लान के जिला नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री पार्थ जायसवाल एवम जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में व जन अभियान परिषद के परामर्शदाता समाजसेवी विनोद तिवारी,लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू के नेतृत्व में बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट के साथ जिले मे सर्वाधिक मतदान हो इस हेतु विविध जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है इसी श्रंखला में लोकतंत्र के महापर्व 19 अप्रैल 24 को सुनिश्चित मतदान केंद्र में मतदाता अपने मत का प्रयोग करने अवश्य जाए इस हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम छिंदवाड़ा विकास खण्ड के रोहनाखुर्द , गगई, मेघा सिवनी सहित आस पास के ग्रामों मे चलाया गया।ग्राम रोहनाखुर्द में घर घर जाकर मतदान दिवस पर मतदान करने पीले चावल का निमंत्रण दिया, मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर लिए गये व रंगोली बनाई गई स्थानीय निवासियों के साथ निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई गई।₹चुनाव का पर्व, देश का गर्व ₹का संदेश देने के लिए जन अभियान परिषद के मेंटर्स के साथ समाज कार्य में स्नातक एवम स्नातकोत्तर कर रहे बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट नवांकुर संस्था बहुउद्देशिय शैक्षिणीक विकास समिती अन्य नवांकुर संस्थाये के सेक्टर समन्वयक ,पदाधिकारी,सदस्य गण,गंगई प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधी परामर्शदाता श्रीमती तृप्ति सिंह बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी में रितु बोपचे,रघुवीर तोमर, रितिका बंदेवार,कामेश सूर्यवंशी, चीतेश डेहरीया ,पूजा बेस चित्रलेखा बंदेबार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई । श्रीमती तृप्ति सिंह,लता नागले,ने रगोली प्रतियोगिता में सभी की प्रशंसा करते हुए मतदाता जागरूकता में ग्रामीणों की शतप्रतिशत सहभागिता हो आवाहन किया।अशीष साहू एवम जय प्रकाश सूर्यवंशी के साथ सभी बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने पोस्टर के माध्यम से बुजुर्ग मतदाताओ को जागरूक किया गया।विनोद तिवारी ने जिले वासियों से आवाहन किया की मतदान के दिन अपने मत का उपयोग कर देश में मजबूत सरकार बनाने में सहभागी बने।

## विश्व हिन्दू परिषद ने लिया रक्तदान का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विश्व हिन्दु परिषद छिंदवाड़ा के जिला सेवा प्रमुख प्रिंस जावरकर ने बताया कि उन्हे जानकारी मिली कि जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक यूनिट में ब्लड की कमी हो गई है, जिसके कारण जरूरत मंद मरीजों को समय पर ब्लड नहीं मिल पा रहा है, सूचना मिलने पर उन्होंने अपने सेवा संस्कार सुरक्षा के उद्देश्य को लेकर प्रतिदिन शिविर लगाकर 5-10 यूनिट रक्तदान करने का संकल्प लिया और जिला चिकित्सालय पहुँचकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ आज 10 यूनिट रक्तदान कराया । श्री जावरकर ने बताया कि यह क्रम अब 10 दिनों तक निरंतर जारी रहेगा ।

## शहर महिला कांग्रेस ने वार्ड क्र. 33 कोलाढाना में किया जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मंगलवार को शहर अध्यक्ष श्रीमती संतोषी गजभिये द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार और जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे जिला महिला अध्यक्ष किरण चौधरी, शहर अध्यक्ष पप्पू यादव के मार्गदर्शन में वार्ड क्र. 33 सुक्लूढना में जनसंपर्क किया । इस अवसर पर संतोषी गजभिये ने बताया कि विगत 44 वर्षो से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और सांसद नकुलनाथ सहित उनके परिवार का रिश्ता छिंदवाड़ा जिले की जनता से पारिवारिक रिश्ता रहा है, और श्री कमलनाथ ने हमेशा ही जिले के विकास को प्रथम प्राथमिकता दी है, और छिंदवाड़ा को प्रदेश एवं देश की राजधानी से सीधे संपर्क स्थापित करने पहले भोपाल तक ब्राडगेज लाईन बिछवाई, छिंदवाड़ा नागपुर ब्राडगेज के साथ-साथ छिंदवाड़ा नैनपुर ब्राड गेज का काम, इलेक्ट्रिफिकेशन के साथ करवाया । जिले के तीन स्टेशनों को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित करवाया । इसके अलावा एग्रीकल्चर कॉलेज, हार्टिकल्चर कॉलेज, लॉ कालेज, मेडिकल कालेज, यूनिवर्सिटी आदि की स्वीकृति दिलवायी एवं देश के बड़े बड़े एयरटेल, एजीस, टाटा, आई.बी.एम. एवं रूरल सोर्स कॉल सेन्टर जैसे उद्योग करवाये जिसके चलते आज जिले को प्रदेश, देश सहित विश्व में जाना चाहता है, और आगे भी जिले में इसी तरह विकास की गंगा बहती रहे, इसलिये हमें कमलनाथ जी के हाथों को मजबूती प्रदान कर नकुलनाथ जी को सांसद चुनना है । आज मुख्य रूप से वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपा यादव, साधना जंघेला, रेनू तिवारी, निशा यादव, बरखा द्विवेदी सहित वार्ड की अन्य महिलायें उपस्थित थी ।

## महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज छिंदवाड़ा ने धूमधाम से मनाया होली मिलन




**छिंदवाड़ा**। महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज छिंदवाड़ा के द्वारा समाज भवन पोआमा में परम्परा अनुसार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छिंदवाड़ा नगर सहित शाखाओं से सामाजिक बंधु, मातृशक्तियां, युवा टीम वारिष्ठ टीम एवं बच्चे उपस्थित हुए तथा एक दूसरे को रंग ग़ुलाल लगाकर उत्साह पूरक सामूहिक नृत्य एवं होली के गीत प्रस्तुत किए।

### एमपीडब्लूसी वेयरहाउस में समर्थन मूल्य पर चना ख़रीदी प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा**। ज़िले के एमपीडब्लूसी वेयरहाउस में आज से समर्थन मूल्य पर चना ख़रीदी प्रारंभ हो गई है । इस दौरान ग्राम रामगढ़ी के किसान श्री देवेन्द्र रघुवंशी का उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, ज़िला आपूर्ति अधिकारी ए.के.कुजूर, जीएमसीसीबी ए.के.जैन, वेयरहाउस की ज़िला प्रबन्धक श्रीमती मंजू चौरे, ज़िला विपणन अधिकारी श्रीमाती शिखा सरेयाम, एसडीओ कृषि नीलकंठ पटवारी और एसएडीओ कृषि सुश्री श्रध्दा डेहरिया द्वारा स्वागत किया गया और 13 क्विंटल चने की ख़रीदी की गई ।

## गोनावाड़ी के ग्रामीणों ने लिया मतदान करने का संकल्प

### ग्रामीणों को मतदान करने दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 मे आमजनो को अधिक से अधिक मतदान करने व मतदान हमारा अधिकार के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पार्थ जैयसवाल एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम के मार्ग दर्शन मे बिछुआ विकास खंड के ग्राम गोनावाड़ी मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता श्यामल राव ने उपस्थित ग्रामीणो को लोकतंत्र मे मतदान करने के महत्व को समझाते हुए कहा की आपका एक मत भी आपके चाहने वाले योग्य प्रत्यासी का परिणाम बदल सकते है । वही आपका एक एक मत चाहे प्रत्याशी के बटन का हो या नोटा के बटन का हो वह लोकतंत्र की निर्वाचन प्रणाली को मजबूत बनाता हे .हमे स्वच्छंद सरकार को बनाने के लिए हर मतदाता आगामी 19 अप्रेल को होने वाले लोक सभा चुनाव मे बिना लोभ.लालच.भय के अपने मत का प्रयोग कर दूसरो को भी अपना मत देने के लिए प्रेरित करने की अपील उपस्थित युवाओं से करते हुए मतदान करने का संकल्प दिलाया वही पोलिंग बूथ पर उपयोग की जाने वाली ई वी एम मशीन का प्रयोग किस तरह से की जाना हे उक्त प्रक्रिया से ग्रामीणों को पोस्टर के माध्यम से अवगत कराया ,तथा ग्रामीणों को यह भी बताया की जिन मातदाताओ के उम्र 85 वर्ष पूरी हो चुकी हे व अधिकतम दिव्यांग वर्ग के मतदाताओं को घरो मे ही मत डालने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई हे जिसकी जानकारी भी दी गई।मेंटर जमुना चौरिया ने उपस्थित जनो से कहा की हर मतदाताओं को यह अवगत कराये की .यदि मतदाता के पास अपनी वोटर आई डी समय पर उपलब्ध न होने की स्थिति मे 12 वेकल्पिक फोटो पहचान पत्रो मे कोई एक लेकर मतदाता मतदान कर सकते है।आयोजन को सफल बनाने मे बी एस डब्ल्यू की छात्रा साक्षी साहू का सराहनीय सहयोग रहा ।

### उमस भरी गर्मी में सरकारी हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर हुए लोग

## जेसीबी से सप्लाई पाइप काटा, दो दर्जन घरों में पानी के लिए हाहाकार

हरिभूमि न्यूज लांजी ।



नाली निर्माण कर रहे ठेकेदार के द्वारा जेसीबी से आर,सी,सी नाली निर्माण हेतु खोदाई के दौरान फटा पाइप, ग्राम चुरली के वार्ड नंबर 13 में पानी का सप्लाई पाइप कट जाने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई... मामला जनपद पंचायत लांजी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत आवा के अंतर्गत ग्राम चुरली का है जहां ग्राम पंचायत के द्वारा आर ,सी,सी नाली निर्माण का काम शुरू हुआ है। इसके लिए जेसीबी से नाली की खोदाई कराई गई। खोदाई के दौरान सड़क किनारे बिछी नल जल योजना की पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे पानी बहना शुरू हो गया।जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत ने पानी की आपूर्ति बंद करा दी। लगभग दो दिनों से पानी सप्लाई बंद होने से ग्राम चुरली के वार्ड नंबर 13 में हाहाकार मच गया। उमस भरी इस गर्मी में न तो लोगों को पीने के लिए पानी मिल सका और न ही घर के अन्य काम के लिए। सबसे ज्यादा दिक्कत घर की महिलाओं को हुई। उन्हें घरेलू कामों के लिए पानी घर से काफी दूर लगे सरकारी हैंडपंप से भरकर लाना पड़ा।जिन घरों में सबमर्सिबल पंप लगा है उनके दरवाजों पर सुबह से ही बर्तन जमा हो गए। इक्का दुक्का चलताऊ हैंडपंपों में भी पूरे दिन भीड़ लगी रही। हैरत की बात तो यह है कि उखड़ी पाइप लाइन ठीक कराने के लिए ग्राम पंचायत ने भी पल्ला झाड़ता रहा है। आखिरकार 2 दिन बीतने के बाद ग्राम पंचायत ने आनन, फानन में उस पाइप को जोड़ तो दिया परंतु अभी तक भी वार्ड वासियों को पानी नसीब नहीं हो पा रहा है।

### इनका कहना है

जेसीबी से नाली की खुदाई में नल-जल योजना की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। जिसका सुधार कार्य हमारे द्वारा करवाया जा चुका, जिसे सेट होने में थोड़ा टाइम लगेगा फिर भी बहुत जल्दी हमारे द्वारा सप्लाई चालू करवा दी जाएगी।

*ललीत कबीरे,*
*सरपंच ग्रापं आवा*

## नांदी से सुंदर तक बनने वाली सड़क का मामला : सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

विकासखंड कटंगी में नांदी से सुंदर के बीच बीते कुछ महीनों से सड़क का कार्य प्रारंभ किया गया और यह काम अभी कुछ दिनों पहले से बंद था. अभी हाल में फिर से कार्य शुरू किया गया है. जिसमें गुणवत्ता को लेकर स्थानीय रहवासियों के द्वारा सवाल खड़े किए जा रहे हैं. ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि विभाग के तकनीकी अधिकारियों के द्वारा कार्य के दौरान निरीक्षण नहीं किया जा रहा है ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहा है. सड़क पर बिछाएं जाने वाले डामर और केमीकल की जांच तक नहीं की गई है. ग्रामीणों के अनुसार सड़क का घटिया निर्माण हो रहा है. जिससे सड़क पर डामरीकरण होने के बाद वाहन चलने से सड़क कुछ ही दिनों में उखड़ जाएगी और राहगीरों को फिर आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. ठेकेदार की इस मनमानी से सरकार को लाखों रुपए का नुकसान होगा. प्राप्त जानकारी अनुसार करीब 5 किलोमीटर लंबाई की सड़क पर निर्माण के दौरान समय पर रोलर नहीं चलाया गया और अब लेपन कराया जा रहा है. सड़क निर्माण में गिट्टी और तारकोल की मात्रा भी सही नहीं है. यदि सड़क निर्माण में भी गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया तो बारिश शुरू होते ही सड़क उखड़ जाएगी।



### विधायक ने ठेकेदार को दिया था अल्टीमेटम

सड़क का निर्माण कार्य विगत कुछ महीने पहले ही शुरू कर दिया गया था परंतु ठेकेदार के द्वारा अधूरा निर्माण छोड़ कर कही और काम किया जा रहा था. जिससे आसपास के सभी ग्रामीण लगातार विधायक गौरव सिंह पारधी से शिकायत कर रहे थे. ग्रामीणों से मिली शिकायत के आधार पर विधायक ने ठेकेदार को जल्द ही सड़क बनाने के निर्देश दिए थे और 31 मार्च तक काम पूरा करने कहा था. विधायक ने ठेकेदार को चेतावनी दी थी कि अगर ऐसा नहीं होता तो ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई विभागीय स्तर से करवाई जाएगी. ठेकेदार ने इसके बावजूद समय सीमा में कार्य प्रारंभ नहीं किया और अब जल्दी ही काम पूरा करने के लिए हड़बड़ी में घटिया निर्माण कर रहा है. ठेकेदार जल्दबाजी में घटिया निर्माण करके सरकार को चूना लगाने में जुटा हुआ हैं. वहीं आचार संहिता में अफसरों के व्यस्त होने का फायदा उठाते हुए ठेकेदार ने नियमों के खिलाफ सड़क का घटिया निर्माण शुरू कर दिया है. जहां सुंदर के ग्रामीणों ने विरोध जताया है।

### सड़क निर्माण से पहले नही लगाया सूचना बोर्ड

लोक निर्माण विभाग की निगरानी में नांदी से सुंदर के बीच सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. वैसे तो कार्य प्रारंभ करने से पहले कार्यस्थल में सूचना पटल लगाया जाना चाहिए था लेकिन यहां पर अब तक विभाग या ठेकेदार ने निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी का सूचना पटल नहीं लगाया है. जिस कारण स्थानीय रहवासियों को सड़क की लागत की जानकारी नहीं मिल पा रही है. वहीं विभाग के अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. जिससे ठेकेदार निर्माण कार्य में मनमानी कर रहा है. जबकि कोई भी शासकीय कार्य प्रारंभ करने से पहले वहां पर कार्य का नाम, सड़क की लंबाई, प्रशासनिक स्वीकृति राशि, अनुबंधक का नाम, अनुबंध क्रमांक, दर, कार्य प्रारंभ एवं कार्य पूर्ण होने की तारीख, उपअभियंता का नाम एवं मोबाइल नंबर, कार्यपालन अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी का नाम एवं मोबाइल नंबर की जानकारी प्रदर्शित करना होता है ताकि निर्माण कार्य में पारदर्शिता बनी रहे और लोग गड़बड़ी की शिकायत संबंधित अधिकारी से कर सकें. मगर यहां तकनीकी विवरण का कोई भी सूचना पटल नहीं लगाया गया है।

### मयूरी बिसेन का पीएनबी असिस्टेंट मैनेजर लिए हुआ चयन

**कटंगी**। तिरोड़ी तहसील के ग्राम देवरी बुजुर्ग (महकेपार) की मयूरी बिसेन का पंजाब नेशनल बैंक में बतौर असिस्टेंट मैनेजर के पद के लिए चयन हुआ है. मयूरी बिसेन के चयन होने पर क्षेत्र के पंवार समुदाय में खुशी का माहौल है. मयूरी के चयन होने के बाद उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है. मयूरी गांव की पहली ऐसी लड़की है जिसका असिस्टेंड मैनेजर के रूप में चयन हुआ है. मयूरी के पिता विजय बिसेन चिकित्सक है. माता विद्या बिसेन गृहणी है. मयूरी चार बहनें है और सबसे जेष्ठ है. मयूरी की प्राथमिक शिक्षा ग्राम के समीपस्थ ग्राम महकेपार में और 12वीं की शिक्षा रामपायली से पूर्ण हुई है. बालाघाट पीजी कालेज से बीएससी इसके बाद इंदौर से पोस्ट ग्रेजुएट किया गया है।



## महिला एवं बच्चों के प्रति उदासीन है बालाघाट का महिला एवं बाल विकास विभागः किशोर समरीते

### पूर्व विधायक ने भुगतान एवं उपयोगिता प्रमाण पत्रों की जांच के लिये लोकायुक्त पुलिस को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज लांजी।






संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक लांजी किशोर समरीते ने बालाघाट जिले में जिला महिला बाल विकास अधिकारी द्वारा कलेक्टर बालाघाट से जारी प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर किये गये सभी भुगतान एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्रों की जांच करने लोकायुक्त पुलिस को पत्र लिखा है। अपने पत्र में श्री समरीते ने बताया है की भारत सरकार एवं म.प. शासन द्वारा बालाघाट जिले में महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से बचाने दिनांक 1 जनवरी 2020 से 13 मार्च 2024 तक 300 करोड रूपये की राशि जिला बालाघाट को आबंटित की गई। यह राशि कलेक्टर बालाघाट द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के माध्यम से व्यय की गई। किंतु बालाघाट जिले में आगनबाडियों की स्थिति बेहतर नहीं है तथा मासूम बच्चों को बिना पोषण आहार वितरण किये राशि का भुगतान कर दिया जाता है तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र भारत सरकार एवं म.प्र. शासन को फर्जी प्रस्तुत किये जाते हैं। बालाघाट का महिला एवं बाल विकास विभाग महिला एवं बच्चों के प्रति उदासीन है। शहरी क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाडिय़ोंए महिलाओं एवं बच्चों का मोह भंग हो चुका है। अतः भारत सरकार एवं म.प्र. शासन द्वारा आबंटित बजट से महिलाओं एवं बच्चों के नाम पर शासकीय राशि के दुरूपयोग की जांच की जाना अति आवश्यक है।

## नंदलेसरा में किसान के खेत से मोटर पंप चोरी



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** क्षेत्र के किसानों के खेतों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है. चोर खेतों से सिंचाई के पंप, केबल, स्टार्टर सहित अन्य सामग्री चोरी कर रहे हैं. ऐसी ही एक चोरी की वारदात कटंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम नंदलेसरा में हुई है. यहां एक किसान के खेत से अज्ञात चोर ने मोटर पंप चोर की वारदात को अंजाम दिया है. पीड़ति किसान ने बुधवार को कटंगी थाना पहुंचकर मोटर चोरी की लिखित शिकायत दर्ज करवाई और अज्ञात चोर का पता लगाकर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग रखी है. किसान रामरतन राहंगडाले ने बताया कि सोमवार की दोपहर में खेत से मोटर पंप चोरी हुआ है. किसान ने गांव के ही अन्य किसान साहिद अली से मोटर पंप मांग कर लाया था और अपने खेत में बनी कुंए में फसल की सिंचाई के लिए लगाया था. जिसे अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है. ज्ञात रहे कि कटंगी थाना क्षेत्र में मोटर पंप चोरी की वारदातें आए दिन सुनने को मिल रही है. इन चोरियों की तमाम शिकायतें कटंगी थाने में दर्ज है. मगर, पुलिस को चोरों का आज तक पता नहीं चल पाया है. ऐसा नहीं है कि पुलिस चोरों को पकड़ने के प्रयास नहीं करती. पुलिस अपने सूत्रों के जरिए चोरी का पता लगाने में जुटी ही रहती है लेकिन तब तक चोर दूसरी चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके होते है. ऐसे में पुलिस फिर नई चोरी को अंजाम देने वाले चोरों की तलाश शुरू कर देती है. ऐसे में पुलिस को ना तो पुरानी चोरी करने वाले चोरों का पता चल पाता है और ना ही नई चोरी करने वाले चोरों का।

गौरतलब हो कि हर महीने करीब 03 से 04 शिकायतें थाने में केवल मोटर पंप, या अन्य उपकरण चोरी होने की आ रही है. चोर किसानों के खेतों में लगातार चोरी कर रहे है. सिंचाई के लिए लगे मोटर पंपसेट की चोरी की लगातार बढ़ती जा रही है. आए दिन चोर मोटर पंप गायब कर देते हैं. इसने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. कई किसान रतजगा कर रहे हैं. दिन प्रतिदिन चोरी की बढ़ती घटनाओं से किसानों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है. इधर, पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ने की वजह से चोरों का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है. वह रात तो छोड़िए दिन-दहाड़े भी खेतों में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है।

### गांव-गांव पहुंच रहे हैं एनएसएस वालंटियर, मतदान की शपथ के साथ ले रहे हैं हस्ताक्षर

**बालाघाट**। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान एनएसएस इकाई व निर्वाचन साक्षरता क्लब शासकीय महाविद्यालय द्वारा विकासखंड लांजी के ग्राम इटोरा में चलाया गया। जिसके तहत नोडल अधिकारी श्रीमती कांता वर्मा एवं स्वयं सेवकों द्वारा वोट अवश्य डालेंगे हम थीम पर शपथ के साथ हस्ताक्षर ग्रामीण जनता से कराया जा रहा है। वहीं शत प्रतिशत मतदान के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में लांजी महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में एनएसएस वालंटियर, कैंपस एंबेसडर द्वारा अपने-अपने ग्रामों में व वार्डों में जागरूकता का संदेश दिया जा रहा हैं। ग्राम इटोरा में कृषि कार्यों में लगे हुए ग्रामीणों से मिलकर एनएसएस वालंटियर ने मतदान का महत्व ग्रामीणों को समझाया और 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए अपने बूथ पर जाने की अपील की।

## खबर संक्षेप



### दो भाइयों अक्षत और अराध्य का हुआ नवोदय में चयन

**हरिभूमि न्यूज। बरघाट** - बरघाट - बरघाट कृषि उपज मंडी के सेवानिवृत्त सचिव श्री रमेश साहू के दोनों नाती का नवोदय विद्यालय में चयन हो गया है, विगत दिवस आये नवोदय विद्यालय के परिणामों में श्री रमेश साहू के बड़े सुपुत्र उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट में पदस्थ शिक्षक हेमनारायण (बंटी) साहू जी के सुपुत्र अक्षत साहू एवं उनके छोटे बेटे जिला पंचायत में पदस्थ डूलेश्वर साहू जी के सुपुत्र आराध्य साहू का नवोदय विद्यालय में चयन होने एवं अक्षत साहू की नेशनल टेलेंट ओलंपियाड 2024 गणित में भी राष्ट्रीय स्तर पर 72 वी रैंक प्राप्त करने पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई प्रेषित कर बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 44 में गोपालगंज का दर्दनाक हादसा

# ट्रक की टक्कर से रेलिंग में घुसी बाइक में लगी आग, एक व्यक्ति की मौत

**प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबिकानगर खर्वी नागपुर निवासी 36 वर्षीय सीताराम पिता किशनलाल मानवटकर बुधवार को नागपुर से बाइक से निकले सीताराम विकासखंड बरघाट के गांव जैवनारा में होने वाली शादी में शामिल होने जा रहे थे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बुधवार को दोपहर लगभग 1:15 बजे मुख्य मार्ग एनएच 44 गोपालगंज भारत माता स्थल के पास भीषण हादसा हो गया जहां तेज रफ्तार से जा रहे एक वाहन ने वाहन चालक को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे चलती बाइक सड़क के किनारे रेलिंग से टकराई और बाइक में आग लग गई बाइक चालक की घटना स्थल पर मौत हो गई।



उनकी बाइक जब गोपालगंज के निकट पहुंची तभी पीछे से जा रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारी। अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। इसी बीच बाइक सड़क किनारे रेलिंग से टकराई और बाइक में आग लग गई। आग से बाइक धू-धू कर जल गई। वहीं सीताराम का एक पैर शरीर से अलग हो गया। सीताराम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। शव को जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। वहीं जिला अस्पताल पुलिस चौकी में पदस्थ कांस्टेबल ने अपनी तत्परता दिखाते हुए परिजनों को सूचना दी व अन्य आवश्यक कार्य में सहायता की।

# 65 साल के वृद्ध ने 15 वर्ष के किशोर को बचाया, वैनगंगा में डूब रहा था

जान बचाने वाले दशरथ का शाल श्रीफल से किया गया सम्मान

**वैनगंगा नदी में डूब रहे एक 15 साल के किशोर को 65 साल के वृद्ध ने अपनी जान पर खेल कर बचा लिया। यह पूरी घटना छपारा के वैनगंगा नदी के कर्बला घाट के समीप की है। जान बचाने वाले वृद्ध का क्षेत्र के लोगों ने शाल श्रीफल से सम्मान कर उत्साह वर्धन किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



तिंनसा गांव के रहने डिमाग चंद्रवंशी का 15 साल का बेटा अर्पित चंद्रवंशी अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया था। इसी दौरान वैनगंगा नदी में वह नहाने चला गया। नहाते समय वह वैनगंगा नदी में डूबने लगा।नदी में नहा रहे अर्पित के दोस्तों ने बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह नीचे गहराई में चल गया। इस दौरान नदी के पास खेती करने वाले दशरथ लारोकर नदी में नहा रहे थे। जैसे ही उन्होंने देखा की नदी में अर्पित डूब रहा है वह बिना देरी के किए नदी में कूद गए और नदी में डूब रहे अर्पित को अपनी जान पर खेल कर नदी से बाहर निकाल लिया। बताया जाता है कि इस बात की सूचना लगने के बाद अर्पित के पिता डिमाग चंद्रवंशी और नगर परिषद उपाध्यक्ष ठाकुर शिवाकांत सिंह पार्षद दिनेश उईक व सोहन कश्यप, सुनील दत्त पाठक, सुनील गोयल सहित मौजूद लोगों ने मंगलवार को दशरथ के जब्बे को देखकर उनकी हौसला अफजाई करते हुए फूल माला पहनकर शाल श्रीफल से उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा है कि यदि दशरथ अपनी हिम्मत नहीं दिखाते तो उनका 15 साल का बेटा वह खो देते। दशरथ जैसे व्यक्तियों का सम्मान करना चाहिए जो अपनी बहादुरी और हिम्मत से नदी में डूबने वाले बच्चों की जान बचाए हैं।

# पुलिस प्रेक्षक श्री नारायण ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पुलिस प्रेक्षक डॉ. राजू नारायण स्वामी द्वारा बुधवार 03 अप्रैल को सिवनी पहुंचकर निर्वाचन तैयारियों का अवलोकन किया गया। प्रेक्षक श्री राजूनारायण स्वामी द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचकर स्ट्रॉग रूम का अवलोकन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन संपन्न कराने के लिए की गई जिला स्तरीय तैयारियों की जानकारी पुलिस अधीक्षक श्री राकेश सिंह एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चिनाप से प्राप्त कर सभी तैयारियों पर संतुष्टी व्यक्त की।

जल्द विद्युत व्यवस्था बहाल करने एई पाटीदार ने दिया आश्वासन

# एक सप्ताह से बिजली और पानी नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान

पीने के लिए आधा किलोमीटर दूर दूसरे गांव से ला रहे पानी

नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरी कलां के ग्रामीण पिछले एक सप्ताह से बिजली सप्लाई नहीं होने से पीने के पानी और खेतों में सिंचाई नहीं होने की समस्या से जूझ रहे हैं। जिससे परेशान होकर ग्राम के लगभग एक दर्जन ग्रामीणों ने बुधवार सुबह ग्यारह बजे इसकी शिकायत छपारा स्थित विद्युत मंडल कार्यालय में और पानी की समस्या को लेकर नगर परिषद कार्यालय में की।

**देवरी कला के श्याम उईके, राधे सैयाम,भगवत सिंह,राजू भारती,सुभाष मतीन खान, अन्नू मानेश्वर, भोजराज, शाहिद खान,दुलारी नागेश,अंसार, जमील, वास्सू खान, पिल्लू यादव सहित 20 से 22 किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत एक सप्ताह से बिजली की समस्या को लेकर सभी ग्राम वासी जूझ रहे हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।




जिससे इन गर्मी के दिनों में नदी के किनारे डूब क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मुंग,तरबूज और मुंगफली के साथ सब्जियों की खेती की जाती हैं किंतु लंबे समय से विधुत आपूर्ति नही होने से बिना बिजली के फसल सूखने के कगार पर है। वही ग्राम की विद्युत आपूर्ति भी दो तीन दिन से बंद होने से ग्राम में पीने के पानी की समस्या हो गई है,पीने के लिए ग्रामवासीयो को लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित ग्राम छपारा खुर्द जाना पड़ रहा है तो वहीं मवेशियों के पीने की उपलब्धता नहीं होने से हालात बिगड़ते देख आक्रोशित किसान 3 अप्रैल को बदहाल विधुत व्यवस्था की शिकायत नगर के विधुत वितरण कार्यालय पर पहुंचकर सहायक अभियंता एई अखिलेश पाटीदार से की, जिस पर अधिकारी ने ग्रामीणों को बताया की बंडोल फिडर की विधुत लाईन में फाल्ट आने के कारण सप्लाई नहीं हो पा रही थी जिसका फाल्ट गत रात्रि को ही ढूंढ लिया गया है जल्द ही विधुत आपूर्ति सुचारू रूप से होने लगेगी।

इसके साथ ही पीने के पानी को लेकर ग्रामीण नगर परिषद कार्यालय पहुंचे तो मौके पर मिले नगर परिषद सीएमओ श्याम गोपाल भारती ने सभी ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही पीने के पानी की व्यवस्था की जायेगी साथ ही यदि पेयजल के लिए बोर करना पड़ेगा तो परिषद द्वारा वह भी किया जाएगा जिससे भीषण गर्मी में पानी की समस्या ना जाए।

# खेतों में फसल अवशेषों (नरवाई) को कदापि न जलायें, पर्यावरण एवं जनजीवन को बचायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सिवनी श्री क्षितिज सिंघल, उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि फसल की कटाई के बाद फसल अवशेषों को कदापी न जलाएँ। इससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य एवं जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेष जलाने से वातावरण में कार्बन डाईऑक्साईड, मिथेन, कार्बन मोनोऑक्साईड आदि गैंसों की मात्रा बढ़ जाती है। मृद्रा की सतह का तापमान 60-65 डिग्री सेन्टीग्रेट हो जाता है, ऐसी दशा में मिट्टी में पाये जाने वाले लाभदायक जीवाणु जैसे- बेसीलस सबटिलिस, स्यूडोमोनास, फल्यूरोसेन्स, एग्रोबैक्टीरिया, राइजोबियम प्रजाति, एजोटोबैक्टर प्रजाति, एजोस्पियरिलम प्रजाति सेराटिया प्रजाति आदि नष्ट हो जाते है। ये सूक्ष्य जीवाणु खेतो में डाले गये खाद एवं उर्वरक को तत्व के रूप में घुलनशील बनाकर पौधों को उपलब्ध कराते है। अवशेषों को जलाने से ये सभी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते है। इन्ही सूक्ष्म जीवों के नष्ट हो जाने से खेतों में समुचित रूप से खाद एवं उर्वरकों की आपूर्ति पौधों को न हो पाने के करण उत्पादन प्रभावित होता है। अतः किसान भाईयों से अपील है कि फसल की कटाई के बाद फसल अवशेषों कडवी नरवाई को रोटावेटर व कृषि यंत्रों के माध्यम से जुताई कर खेत में मिला दें। फसल अवशेष पर वेस्ट डिकम्पोजर कचरा अपघटक या बायोडायजेस्टर के तैयार घोल का छिड़काव करें या फसल की कटाई के बाद घास-फूस पत्तियाँ, ठूँठ, फसल अवशेषों को सड़ाने के लिए 20-25 किलोग्राम नत्रजन प्रति हेक्टेयर की दर बिखेर कर नमी की दवा में कल्टीवेटर या रोटावेटर की मदद से मिट्टी में मिला देना चाहिए।

इस प्रकार अवशेषों खेतों में विघटित होकर मिट्टी में मिल जाते है और जीवाणुओं के माध्यम से ह्यूमस में बदलकर खेत में पोषक तत्व (नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर आदि) तथा कार्बन तत्व की मात्रा को बढ़ा देते है। हमारे खेतों में ये ह्यूमस तथा कार्बन ठीक उसी प्रकार काम करते है जैसे हमारे खून में रक्त कणिकाएँ। इसीलिए किसान भाई फसल अवशेष प्रबंधन को अपना कर पर्यावरण को सुरक्षित बनाने में सहयोग प्रदान करें। म.प्र.शासन पर्यावरण विभाग मंत्रालय द्वारा दिनांक 5 मार्च 2017 को जारी नोटिफिकेंशन में नरवाई जलाने पर 2 एकड़ से कम 2500 - रूपये,2 एकड़ से 5 एकड़ तक 5000- एवं 5 एकड़ अधिक 15000- रूपये का जुर्माना किया जाना प्रस्तावित है।

इस संबंध में कलेक्टर महोदय सिवनी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समस्त को पत्र लेख किया है कि फसल अवशेष नरवाई जलाने पर अर्थ दण्ड वसूलने की कार्यवाही की जावें। अतः कृषक भाईयो से अपील की जाती है कि वे फसल अवशेषों न जलाकर पर्यावरण की सुरक्षा करें एवं मृदा के स्वास्थ्य को बनाये रखे।

# बरघाट पुलिस द्वारा अवैध शराब विक्रय पर की गई बडी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरघाट।

पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा अवैध गतिविधियों के नियंत्रण व वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी डी शर्मा एवं समस्त अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) को दिये गये है। इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट श्री ललित गठरे के द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके पालन में दिनांक 02/04/2024 को अवैध शराब परिवहन की मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी बरघाट निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस द्वारा थाना स्तर पर टीम बनाया जाकर टीम को मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर रवाना किया गया जो गठित टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान ग्राम मोहगांव में जावरकाठी रोड जाकर घेराबंदी किये तो झाडियों के पास कच्चे रास्ते किनारे एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में अपने आपको छिपा रहा था जो पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगा जिसे ब मुश्किल घेराबंदी कर पकडा गया नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम संजय उर्फ संजू पिता तारसिंह पंद्रे उम्र 19 साल नि. ग्राम मोहगाँव थाना बरघाट का बताया उसके छिपने के स्थान में गवाहों एवं स्टाफ के साथ बारिकी से तलाश की गई तो झाडियों में दो प्लास्टिक की बोरी रखी मिली जिसके अंदर रबर के ट्युब (ब्लेडर) में तरल पदार्थ भरा हुआ था। आरोपी संजय पंद्रे से पूछने पर उचित जवाब नहीं दिया तब गवाहों के समक्ष संजय से ब्लेडर खुलवाकर पहचान कराई गई जो ब्लेडर में से हाथ भट्टी महुआ निर्मित शराब की तिखी गंध आ रही है जो हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब ही है जो एक एक ब्लेडर में 30-30 लीटर कुल 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ निर्मित कच्ची शराब होना पाये जाने से आरोपी से हाथ भट्टी महुआ कि कच्ची शराब बनाने एवं कबजे में विक्रय हेतु रखने का वैध लायसेंश पेश करने कहा गया जो नहीं होना बताया आरोपी द्वारा अपने कब्जे में बडी मात्रा में 60 लीटर हाथ भट्टी महुआ निर्मित कच्ची शराब बिक्री के उद्देश्य से रखे पाये जाने से आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त शराब - कुल 60 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब, कीमती 6000 रूपये आरोपीः- संजय उर्फ संजू पंद्रे पिता तारसिंह पंद्रे उम्र 19 साल निवासी मोहगांव थाना बरघाट सराहनीय कार्यः- थाना प्रभारी बरघाट निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस, उनि० नीलू उइके, उनि० सत्येन्द्र उपाध्याय, प्र0आर 147 बालचंद घोरमारे, प्र0आर0 469 संजय यादव ।

### 19 अप्रैल को रहेगा शुष्क दिवस

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 को सम्पूर्ण दिवस (एक दिन) का शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त शुष्क दिवस अवधि में जिले की मदिरा विक्रय की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकाने, बार लायसेंस एफ.एल-3 (क), विदेश मदिरा भाण्डागार सिवनी, देशी मदिरा भाण्डागार सिवनी एवं लखनादौन से किसी भी प्रकार की मदिरा का विक्रय / वितरण अथवा प्रदायगी को प्रतिबंधित किया है। साथ ही जिले के सम्पूर्ण विधानसभा मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, आहार गृह, गैर मालिकाना क्लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्राकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रय / वितरण प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं।

# धनौरा एवं घंसौर में जल-जीवन मिशन के कार्यों की कलेक्टर श्री सिंघल ने की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने बुधवार 03 अप्रैल को धनौरा एवं घंसौर मे विकासखण्ड एवं ग्राम स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल आपूर्ति तथा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री सिंघल ने सिद्धघाट समूह नलजल योजना में शामिल ग्रामों के ग्राम सचिवों एवं अन्य मैदानी अमले से योजना क्रियान्वयन की मैदानी स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामवार मैदानी अमले से चर्चा कर पेयजल आपूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी लेकर ऐसे ग्राम जिनमें आंशिक आपूर्ति की समस्या पाई गई ऐसे ग्रामों में तत्काल सुधार कार्य के लिए जल निगम के अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया। उन्होंने पाईप लाईन वितरण के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सडकों की मरम्मत के निर्देश भी संबंधित ऐजेंसियों को दिये हैं।

कलेक्टर श्री सिंघल ने पायली समूह नलजल योजना के प्रारंभिक चरण होने से योजना में शामिल ग्रामों में भी पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में संबंधित ग्राम के सचिवों से जाना, ऐसे ग्राम जिनमें ग्रीष्म ऋतु के दौरान समस्या की संभावना पाई गई उनमें हेण्डपंप एवं नलकूप के खनन तथा अन्य वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान किसी भी ग्राम में पेयजल संबंधी समस्या न आए। छोटे-मोटे टूट-फूट, मरम्मत के कार्य सभी पंचायतें 15 वे वित्त की राशि से पूर्ण करवाऐं। कलेक्टर श्री सिंघल ने सेक्टरवार खेत-तालाबों के निर्माण कार्यों की भी जानकारी लेकर प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

आज मतदाता जागरूकता गतिविधि अंतर्गत निकाली जाएगी सायकल रैली

# 9 अप्रैल को मनाया जायेगा एक दीया लोकतंत्र के नाम कार्यक्रम

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप प्रभारी श्री नवजीवन पंवार के निर्देशन में जिले में लगातार मतदाता जागरूकता गतिविधि जारी है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी क्रम में गुरूवार 04 अप्रैल को जिला एवं विकासखण्ड स्तर में सायकल रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश दिया जायेगा। जारी कार्यक्रमानुसार जिला स्तरीय सायकल रैली मिशन स्कूल ग्राउंड से प्रारंभ होकर गणेश चौक, शुक्रवारी, नेहरू रोड से नगरपालिका चौक होतु हुए पुनः मिशन स्कूल ग्राउंड में समाप्त होगी। रैली के समापन उपरांत मानव श्रृंखला के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जायेगा।

इसी क्रम में मंगलवार 09 अप्रैल को ₹एक दीया लोकतंत्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिला स्तरीय कार्यक्रम मिशन स्कूल ग्राउंड में शाम 08 बजे आयोजित होगा, कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा 20-20 दीपक प्रज्वलित कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जायेगा।

### अधिकतम मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार जारी मतदाता जागरूकता गतिविधियां

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप प्रभारी श्री नवजीवन पंवार निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में अधिकतम मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी है। जिले में समाज के हर वर्ग के मतदाता को जोडने के लिए विभिन्न विभागों के विविध गतिविधियां सतत आयोजित की जा रही है।

बुधवार को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं श्रम विभाग द्वारा दुग्धशीत केंद्र बंडोल में इकाई में कार्यरत श्रमिकों एवं स्टॉफ को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही श्रमिकों को मतदान दिवस के लिए संवैतनिक अवकाश की सुविधा के बारे में अवगत कराते हुए सभी से अनिवार्य रूप से आगामी 19 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की गई। इसी क्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्थानीय मतदाताओं के घर-घर जाकर आगामी 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने की अपील की जा रही है। वहीं नवमतदाताओं को जोडने के लिए खेल गतिविधियों, रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता, निबंध, वाद-विवाद जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन लगातार जारी है।

## ग्रामीणों की शिकायत पर सिकंद्रा रेत घाट पहुँचे विधायक विवेक पटेल

# ठेकेदार नदी की मेड़ को काटकर अवैध रूप से निकलवा रहे रेत

## विधायक पटेल को देखकर ट्रेक्टर छोड़कर भागे चालक



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में रेत माफियाओं द्वारा रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करने का कार्य काफी समय से किया जा रहा हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को लगातार की जा रही हैं। लेकिन कार्यवाही न होने से परेशान होकर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल से मिलकर उन्हें इसकी जानकारी दी। जिसके बाद विधायक विवेक पटेल बुधवार की सुबह वारासिवनी नगर से लगे हुए ग्राम सिकंद्रा के रेत घाट पर पहुँचे। जहाँ से अवैध रूप से नदी से रेत निकाली जा रही थी। विधायक पटेल को देखकर रेत चोर अपने-अपने ट्रेक्टर-ट्राली को लेकर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद विधायक पटेल ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। मौके पर पहुँचे प्रशासन के अधिकारियों ने पंचनामा कार्यवाही की। वहीं ग्रामीणों ने रेत माफिया के साथ प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप भी लगाया है। विधायक पटेल के पहुंचते ही टेबल, कुर्सी लगाकर पर्ची काट रहे ठेकेदार के व्यक्ति मौके से फरार हो गए।

### ग्राम सिकन्द्रा के सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक पटेल को की थी शिकायत

कुछ दिनों पूर्व ग्राम सिकन्द्रा के सैकड़ों ग्रामीण किसान विधायक विवेक पटेल के निवास स्थान पर पहुँचे थे। जहाँ पर ग्रामीणों ने विधायक पटेल को बताया था कि रेत ठेकेदार के कुछ व्यक्तियों द्वारा रातों रात नदी की मेड़.को जेसीबी मशीन से काट दिया गया हैं। जिससे आगामी बारिश के समय बाढ़ आने पर सैकड़ों किसानों की फसल बर्बाद हो जायेगी। इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को भी दी गई थी, मगर उनके द्वारा ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नहीं की गई हैं। वहीं सिकन्द्रा रेत घाट स्वीकृत नहीं होने के बावजूद भी यहाँ से रेत निकाली जा रही हैं। जिसकी ओर स्थानीय प्रशासन व खनिज विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं।

### रायल्टी लामता की, रेत चोरी ग्राम सिकंद्रा नदी से

विधायक पटेल के रेत घाट में पहुंचने के दौरान सिकन्द्रा में एक वृक्ष के नीचे टेबल कुर्सी लगाकर रेत की रायल्टी के नाम पर पर्ची काट रहे रेत ठेकेदार के कर्मचारी उन्हें देखकर वहाँ से फरार हो गए थे। इस दौरान रेत से भरे हुए कुछ ट्रेक्टर-ट्राली को वहाँ पर रोका गया। जिनके पास लामता की रायल्टी पाई गई। वैसे रायल्टी के नाम पर रेत चोरी का यह पहला मामला नहीं हैं। इसके पहले भी विधायक पटेल ने ग्राम बिठली में अवैध रूप से संचालित रेत घाट पर छापामार कार्यवाही की थी। जिसके बाद वहाँ से डंपर, जेसीबी, पोकलेन मशीन जप्त की गई थी। वहाँ भी एक डम्पर वाले के पास रायल्टी मेंहदीवाड़ा रेत घाट की मिली थी और रेत बिठली से निकाली जा रही थी।

### अवैध रूप से निकाली जा रही है नदी से रेत-विवेक पटेल

इस संबंध में विधायक विवेक पटेल ने कहा कि वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में अवैध रेत का कारोबार काफी सालों से जोरों पर चल रहा हैं। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को दी जाती रही हैं, लेकिन किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही थी। जिससे परेशान होकर आज ग्रामीणों ने मुझे जानकारी दी थी। ग्रामीणों ने मुझे बताया था कि ठेकेदार द्वारा नदी की मेड़ को काटकर रेत चोरी की जा रही हैं। जिसके बाद मैंने रेत घाट में ग्रामीणों के साथ छापामार कार्रवाई की। मौके से सभी ट्रेक्टर फरार हो गए। अधिकारियों को मौके पर बुलवाया गया था। उन्होंने पंचनामा बनाकर कार्यवाही करने को कहा हैं। इस रेत घाट से विगत 5 सालों से करोड़ों रुपए की रेत अवैध रूप से निकाल कर रेत माफियाओं द्वारा बिक्री कर दी गई हैं।

चंदन नदी के सिकन्द्रा की ओर के रेत घाट व नदी की मेड़ का निरीक्षण करने के दौरान विधायक विवेक पटेल के साथ राजकुमार चौधरी, सुनील राणा, कैलाश दुल्हानी, अनिल पिपरेवार सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### लैंडलाइन से परेशान उपभोक्ता विभागीय कर्मचारी हुए तानाशाह



**बालाघाट।** बीएसएनल लैंडलाइन सेवा ग्राहकों के लिए खासी परेशानी बन गई है। हरिनंदा होटल के संचालक हरीश कनौजिया ने जानकारी देते हुए बताया कि लैंडलाइन की सेवा लेना बहुत कठिन हो गया है, मेरे द्वारा बीएसएनएल कार्यालय में कर्मचारियों को इसकी शिकायत की गई अभी तक विभाग द्वारा कनेक्शन की जांच नहीं की गई है। बार-बार कहते हैं कि आपका डब्बा खराब हो गया है। मेरे द्वारा नए डब्बे खरीदे गए हैं उसके बाद भी सर्विस नहीं मिल पा रही है।

### मतदान के प्रति हो ऐसी जागरूकता, दुल्हन को घर ले जाने से पहले दिलाई शपथ

**बालाघाट।** बुधवार को चरेगांव में मतदान के प्रति एक अनोखी जागरूकता दिखने में आई है। यहां दूल्हा फेकन सिंह जामरे लालबर्रा से अपनी दुल्हन के साथ गांव पहुँचे। तो देखा कि स्वास्थ्य केंद्र पर मतदान के लिए कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। वहाँ दूल्हा-दुल्हन दोनों पहुँचे और उन्होंने गांव वालों और बारातियों के साथ ज्ञात हो कि कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में हर दिन मतदाता जागरूकता के लिए अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही है। चरेगांव आयुर्वेदिक औषधालय में दूल्हा-दुल्हन ने भी यहीं पर शपथ ली।

### होटल रामेश्वरम, होटल वैष्णवी, होटल हीरा किशन और वारसी पैलेस के संचालकों पर हुई कार्रवाई

## जिला प्रशासन की कार्रवाई : नियमानुसार जानकारी नहीं देने पर बालाघाट के 4 होटल संचालकों पर मामला दर्ज



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बालाघाट जिले में धारा 144 प्रभावशील है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। इसके तहत लगातार जिले में होटलों की जांच की जा रही है।

बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में जिला मुख्यालय में सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने होटल, ढाबों, लाज और धर्मशाला में चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें शहर के होटल रामेश्वरम, होटल वैष्णवी, होटल हीरा किशन और वारसी पैलेस के संचालकों ने रुकने वाले व्यक्तियों की सूची नियमानुसार थाने में उपलब्ध नहीं कराई। इसके बाद जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने पर होटल वैष्णवी के संचालक सीमा प्रभु बुड्ढेकर, होटल रामेश्वर के संचालक राजेश वाजपेयी, होटल हीरा किशन के संचालक मुकेश फुल सुंघे और वारसी के संचालक मो. अब्दुल कादिर के खिलाफ 188 भादंवि के तहत कोतवाली थाने में केस दर्ज किया गया हैं।

## 5 आरोपियों से एक लाख से ज्यादा की 303 लीटर शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पुलिस ने 5 थाना क्षेत्र से 5 आरोपियों से एक लाख से ज्यादा कीमत की 300 लीटर से ज्यादा अवैध शराब बरामद की है। रूपझर थाना प्रभारी नितिन पटले के नेतृत्व में बिठली निवासी दिलीप पिता सुनउ अजीत से 58.950 लीटर देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की है।

इसी तरह परसवाड़ा थाना प्रभारी दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में शाहिद पिता इकबाल शेख से 62.750 लीटर कच्ची और अंग्रेजी शराब बरामद की है। लालबर्रा थाना प्रभारी हेमंत नायक के नेतृत्व में मोहगांव धपेरा निवासी बलराम उर्फ बब्लू पिता प्रेमलाल दमाहे से 66 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई है।

रामपायली थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में भेंडारा निवासी मुकेश पिता अनिरूद्ध बैस से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई है। तिरोड़ी थाना प्रभारी गेहलोट सेमलिया के नेतृत्व में मिरगपुर निवासी अशोक पिता गेंदलाल टेकाम से 56 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।



सभी थानो में की गई कार्रवाई में पुलिस ने लगभग एक लाख 7 हजार 910 रूपए की शराब बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

### लोकसभा प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार ने परसवाड़ा में ली नुक्कड सभा

## लामता-परसवाड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ता का हुआ भव्य सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

देश में 5 चरणों में होने जा रहे 6 वीं लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को संपन्न होने वाले बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र का चुनाव जीतने के लिये कांग्रेस भी अब पूरी ताकत के साथ मैदान में आ गई है। जीत की तैयारियों को लेकर बुधवार को परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लामता-परसवाड़ा में लोकसभा चुनाव को लेकर कॉंग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से परसवाड़ा क्षेत्र के लामता, चरेगांव सहित कई ग्रामों के लोग उपस्थित हुए। इस दौरान परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने अपने निज निवास चरेगाव में सम्राट सिंह सरस्वार का तिलक लगा कर स्वागत किया। तत्पश्चात श्री सरस्वार ने परसवाड़ा के बाजार में नुक्कड सभा ली और क्षेत्र की जनता से जनआर्शीवाद मांगते हुए कहां कि आपका आर्शिवाद मुझे मिलता है तो आप ही लोग सांसद बनकर काम करेंगे व क्षेत्र के विकास के लिये विधायक मधु भगत और मेरे द्वारा मिलकर काम करेंगे और क्षेत्र का विकास करेंगे। सम्राट सरसवार ने कहा कि मेरा सवाल है भाजपा के नेताओ से, जिले में उद्योगों के लिये, रेल सेवाओं के लिये सांसदों ने प्रयास क्यों नहीं किये अगर किये होते तो आज क्षेत्र का विकास दूसरे शहरों के जैसा होता लेकिन ऐसा नही किया गया। इसलिये हम सबको मिलकर अपने जिले और अपने देश के विकास के लिये कांग्रेस को इस सीट से जीताकर दिल्ली भेजने की जरुरत है। सम्राट सिंह सरसवार ने कहा कि यदि आपने मुझे मौका दिया, तो आप देखेंगे कि बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र का विकास छिंदवाड़ा की तर्ज पर हम करेंगे। जिले में बड़े छोटे उद्योग लगाकर उद्योगों को प्रोत्साहित करने का काम किया जायेगा।इस दौरान विधायक मधु भगत ने परसवाड़ा क्षेत्र के लोगो को बताया कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनाना है तो हम सभी को मिलकर पूरी ताकत से काम करना होगा और सम्राट सरस्वार को जीताना होगा। वही उन्होने संविधान के अधिकार के बारे में कार्यकर्ताओं को समझाया। मधु भगत ने कहा कि महंगाई कम नहीं हुई, रेल किराया बढ़ा दिया। बुजुर्गों को मिलने वाली यात्री रेल किराये की रियायत बंद कर दी। सारे जनहित के काम बंद कर दिये, और सिर्फ और सिर्फ अंबानी अदानी का व्यापार बढ़ाने का काम पीएम मोदी कर रहे हैं।इस दौरान प्रमुख रूप से परसवाड़ा विधायक मधु भगत, अशोक मंडलेकर लघु वनोपज के अध्यक्ष , जिला महामंत्री अभय मोदी, जनपद प्रतिनिधि दीपचंद ठाकरे, ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद ठाकरे, पूर्व सरपंच अहमद शाह कादरी, अशोक जैन, मंडल अध्यक्ष मुनित बिसेन, राजा नायक, त्रिलोक सुलाखे, योगेंद्र हनवत, अब्दुल सलाम शाह , जयचंद बोपचे, उमेश पारधी , राजेश औवधीया, पिंटू जायसवाल, लखन बघेल सहित अनेक ग्रामों के कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।



## नहीं चला राजनैतिक दबाव, धान तस्कर पर एफआईआर

### समीर सचदेवे द्वारा की जा रही धान तस्करी की गाड़ी पकड़ाई

**समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान डोंगरिया कैप से सचदेव राईस मिल कोसमी का कटा था आरओ**

**एसडीएम, पुलिस प्रशासन और आरटीओ की सजगता से पकड़े गये धान परिवहन करते दो ट्रकः साधुवाद**





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पुलिस और जिला प्रशासन की सजगता से एक बार फिर भाजपा जिलाध्यक्ष के समर्थक समीर सचदेव की नई करतूत सामने आई है। जहां प्रशासनिक अमले ने निष्पक्षता का परिचय देते हुए समीर सचदेव द्वारा की जा रही शासकीय धान की तस्करी का पर्दाफाश करते हुए उनके दो ट्रको को पकड़ा है। लेकिन विभागीय सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार उक्त कार्यवाही के बाद जिला प्रशासन पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के द्वारा खूब दबाव बनाया गया है कि तस्करी की जा रही उक्त ट्रको को छोड दिया जाये। परंतु कलेक्टर महोदय ने निष्पक्षता का परिचय देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्वमंत्री रामकिशोर की एक ना सुनी औरवैधानिक कार्यवाही कर जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड बालाघाट को एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिये है। इस संबध में राष्ट्रबाण को डोंगरिया स्थित कैंप के इंट्री इंचार्ज द्वारा बताया गया कि गाडी क्रमांक सीजी 04 जे.डी 4982 का आरओ क्रमांक 199 और एमएच-04 एफ.जे 6528 का आरओ क्रमांक 100 की गेटपास कटी है। जिससे स्पष्ट होता है कि गाडी समीर सचदेव कोसमी स्थित राईस मिल तक जाना था, परंतु पहुंच गई रजेगांव बार्डर। आपको बता दे कि किसानो से शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर क्रय किये गये धान का राइस मिलर्स द्वारा अनुबंध के आधार पर मिलिंग का कार्य किया जा रहा है। किंतुकुछ राईस मिलों के द्वारा अत्यधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में शासकीय धान की अफरा तफरी की जा रही है और उसके एवज में गरीबो को वितरण होने वाली शासकीय दुकानो के चांवल और यूपी बिहार से आने वाले चांवल को औने पौने दामो में खरीदकर नागरिक आपूर्ति निगम को जमा करवाया जा रहा है। इस तरह के आये दिन मामले प्रकाश में आ रहे है। कुछ दिन पूर्व वारासिवनी क्षेत्र से शासकीय धान की अफरा तफरी होने की सूचना पर मंडी निरिक्षको के द्वारा पकडकर जुमार्ना लगाया गया था। वही बीतो दिनो ही ग्रामीण थाना पुलिस ने भी तीन ट्रक धान तस्करी करते पकडे थे। उसके बावजूद भी धान तस्करी के इस खेल में अंकुश नही लग पा रहा है। इसी बीच 01 अप्रैल की रात को परसवाडा स्थित डोंगरिया कैप से सचदेव राईस मिल कोसमी के लिये गाडी क्रमांक सीजी 04 जेडी 4982 और एमएच-04 एफजे 6528धान भरकर निकली थी। परंतुरात्री लगभग 02 बजे दोनोगाडी सचदेव राईस मिल को पार करते हुए रजेगांव में स्थित एकिकृत जांच चौकी में रोके गये। जहां प्रशासन द्वारा जब उनके आरओ व अन्य दस्तावेज की जांच की गई तो गाडी के उचित दस्तावेंज नही मिले। नियम अनुसार धान से भरे ट्रक सचदेव राईस मिल कोसमी में खाली होने थे। परंतु लगभग 20 किमी आगे जाकर चेकपोस्ट पर गाडी पकडाना यह सिद्ध करता है कि धान की तस्करी महाराष्ट्र के लिये की जा रही थी और यह खेल ना जाने कितने समय से चल रहा है। इस संबंध में बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी से जब चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि उक्त दो गाडीयां में जो धान पकडाया है, वह अवैध रूप से महाराष्ट्र के लिये परिवहन किया जा रहा था। जिस पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर महोदय ने जिला विपणन अधिकारी कोएफआईआर दर्ज कराने केनिर्देश दिये है।

### अक्सर विद्यार्थी ऑनलाइन कैफे से निकाल लेते हैं प्रवेश पत्र-हनवत

# परीक्षा से वंचित विघार्थियों ने ओरियंटल कालेज के डायरेक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

### दिये गये दिशा निर्देशों का हमने पालन किया गया है-खण्डायत

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

नगर मुख्यालय में स्थित ओरियंटल डीएड बीईएड कालेज में अध्यनरत विघार्थियों कि 2/4/2024 दिन मंगलवार को 8बजे से 11बजे तक शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में होने वाली बीएड डीईएड पांचवीं सेमेस्टर कि हिंदी फाउंडेशन कि परीक्षा से लगभग 20 विघार्थियों को वंचित रहना पड़ा परीक्षा से वंचित 15-20 विघार्थियों ने ओरियंटल कालेज के सामने रहकर अपना विरोध मीडिया के सामने प्रकट कर रहे थे तथा ओरियंटल कालेज के डायरेक्टर एच सी हनवत पर लापरवाही व बहुत देरी से जानकारी देने का आरोप लगा रहे थे तथा परीक्षा से वंचित विघार्थियों ने संस्था प्रमुख से फीस वापसी व मार्कशीट में एफ सी लिखवाये जाने सहित अन्य भी मांग मीडिया के माध्यम से कि है वहीं परीक्षा से वंचित विघार्थियों में संस्था प्रमुख के प्रति आक्रोश नजर आ रहा था।



विघार्थियों का कहना था कि हम लोग अलग-अलग दूरी पर निवास करते हैं तथा आज संस्था प्रमुख के द्वारा ग्रुप में 8 बजे मैसेज शेयर किया गया कि आप लोगों कि 8 बजे से पांचवें सेमेस्टर कि परीक्षा है,और इतने कम समय में परीक्षा केंद्र में पहुंचना असम्भव है जब हम परीक्षा केंद्र पर पहुंचे तो बहुत समय निकल चुका था जिस कारण से उन्होंने हमें वापस कर दिया,जिससे हमारा साल खराब हो गया है जबकि फीस जमा करने हेतु हम लोगों को बार बार दबाव बनाया जाता हैं और अन्य जानकारी देते समय आना कानी करते हैं उनकी लापरवाही से हमारा साल बर्बाद हो गया है हमने फीस जमा कर दिए हैं, जबकि संस्था प्रमुख को हमको समय के पहले अवगत करवाया जाना था जिससे हम तय समय पर परीक्षा केंद्र में पहुंच जाते हैं और परीक्षा में शामिल हो जाते हैं।

विरोध प्रदर्शन व अपनी मांग करने वालों में प्रमुख रूप से काजल तुरकर,युवता श्रीनाथ,अलफिया कुरैशी, कविता बारई, निकहत खान, निकिता वट्टी, पूनम शरणागत, श्वेता चौधरी, नेहा पटले, तन्मय नामदेव, अनुराग पटले, शौर्य पारधी, फिजा अंजुम, रविना पटले,नेहा डोंगरे, शिवानी अंगुरे, प्रज्ञा मेश्राम, सहित अन्य सभी अध्यन्नरत विद्यार्थी शामिल रहे हैं।

### इनका कहना है

अक्सर विघार्थियों के द्वारा आनलाइन दुकान में जाकर प्रवेश पत्र निकाल लिया जाता है तथा दो दिनों से पोर्टल भी बंद था जिस कारण से आज सुबह ग्रुप में मैसेज भेजा गया है,लेकिन हम विघार्थियों के साथ है हम उनका भविष्य खराब नहीं होने देंगे।

**डां. एच सी हनवत, डायरेक्टर ओरियंटल कालेज**

परीक्षा से बहुत पहले हम लोगों को जानकारी मिल गई थी तथा हमारे द्वारा तैयारी भी कि गई थी आज 27 विघार्थियों में से केवल 7 विघार्थियों ने ही परीक्षा दिये है बाकी लोग नहीं दिये है जो हमें दिशा निर्देश प्राप्त हुए थे उसी दिशा निर्देश का हम लोगों ने पालन किये है।जो आरोप लगा रहे हैं कि हमने परीक्षा देने नहीं दिया है वह निराधार है।

**डां. एस के खंण्डायत ,प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय**